उपरोक्त काप कैलेण्डर में दिसम्बर से मार्च तथा अप्रैल से जून के मध्य खाली समय दिखाया गया है जब खेती किसानी का कार्य नहीं होता है अथवा बहुत कम होता है। ऐसे समय में खेतिहर मजदूरो को खेतो पर मजदूरी करने का अवसर नहीं मिलता है और वे क्षेत्र से बाहर लखनऊ, कानपुर एवं बुम्बई मजदूरी की तलाश में चले जाते है और रु 12000 – 15000 प्रति माह कमा लेते है।

उत्पादकता एवं उत्पादन :– किसानो ने विभिन्न फसलो की कम उत्पादकता की शिकायत की और उनका कारण निम्नलिखित बताया –

1. समय से अच्छी गुणवत्ता का बीज एवं खाद का उपलब्ध न होना
2. सिचाई साधनो की कमी
3. छोटी जोत
4. असमतल खेत जिन्हे समतल करना आवश्यक है
5. छोटे तथा सीमांत कृषको के लिए निराई, गुडाई तथा खेत की तैयारी के लिए उपयुक्त मशीनो की कमी
6. पूंजी का अभाव

कृषको ने बताया कि गेहू ,धान, मंसूर, सरसो, मक्का, बाजरा व सब्जियो की उत्पादकता में ठहराव आ गया है और कही कही कम होने लगा है । उत्पादकता में यह कमी सिचाई साधनो की कमी और मिट्टी के खराब स्वास्थ के कारण प्रतीत होता है। क्षेत्र की मुख्य समस्या और उनका समाधान नीचे दिया जा रहा है –

कम सं०	समस्या	कारण	समाधान
1	मुख्य फसलो की उत्पादकता कम है।	1.समय से प्रमाणित बीज एवं खाद उपलब्ध न होना 2. सिचांई के साधनो की कमी 3.छोटे कृषको योग्य खेती के मशीनो का अभाव 4. मृदा परिक्षण के बिना रासायनिक उर्वरको का उपयोग	1. बोआई के समय प्रमाणित बीज एवं खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करना 2. मृदा परिक्षण की रिर्पोट के अनुसार सन्तुलित उर्वरको का प्रयोग करना 3.कृषको के खेत पर फसल प्रदर्शन आयोजित कर लाइन में बोआई, पोध की संख्या/वर्ग मी०, निराई गुढ़ाई तथा खरपतवार नियंत्रण का धान एवं गेहू की फसल पर प्रभाव दिखलाना । 4. नमी संरक्षण हेतु समतली करण तथा कण्टूर बंन्डिग कराना । 5. गोबर की खाद/नाडेप खाद का प्रयोग । 6. बीमारी और कीडो के प्रकोप से रोकथाम । 7. नालो पर चेक डेम बनाकर पानी की उपलब्धता बढ़ाना । 8.बेकार भूमि में प्रक्षेत्र तालाब का निर्माण ।

कम सं०	समस्या	कारण	समाधान
2	कृषको की कम आय	1. पुरानी फसल पद्धति 2. कम दुधारु जानवर 3. आय में वृद्धि करने वाली क्रियाओं का अभाव	1.फसल पद्धति में नकदी फसलो तथा शाक सब्जी की खेती को सम्मिलित करना 2.साहीवाल गाय तथा मुर्रा भैस जैसी अधिक दूध देने वाली प्रजातियो को बढ़ावा देना 3.स्व सहायता समूहो के माध्यम से लघु उघमों जैसे छोटी राइस मिल, मिनी डेयरी, गुड बनाना/बेचना, भैस की पडिया पालना/बेचना, गारर्मेन्ट बनाना व बेचना आदि आय बढ़ाने वाले क्रियाकलापो को लागू करना ।
3	जंगली जानवरो की समस्या	नील गाय तथा जंगली सुअर से फसलो को क्षति होती है।	जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर समस्या का समाधान निकाला जाए ।

उपरोक्त समस्याए सभी माइक्रोवाटरशेड में है। अतः इसी के आधार पर वाटरशेड विकास कार्यो, जीवकोपार्जन क्रियाकलापो तथा उत्पादन प्रणाली की कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए ।

4.2 वाटरशेड की समस्यायें एवं उनके संभावित समाधान

ग्रामीण सहभागी मूल्यंकन के समय निम्नलिखित समस्याऐ पायी गयी जिनका समाधान निम्नलिखित सारणी में दिया गया है ।

वाटरशेड की समस्यायें	संभावित समाधान एवं उपचार विधियां
1	2
मृदा जल की कमी–सूखा की स्थिति	मृदा एवं नमी संरक्षण
मृदा क्षरण एवं अवक्रमितक भूमि	मृदा एवं जल संरक्षण/मृदा कटाव रोकने के उपाय
अधिक अपवाह(रनआफ)	अपवाह (रनआफ) संचयन की संरचनायें
कम उर्वर भूमि	गोबर की खाद, हरी खाद/वर्मी व नाडेप कम्पोस्ट, जैविक कारक, जैविक खाद आदि का प्रयोग
भूजल का ह्रास/गहरा भूजल, भूजल की खराब गुणवत्ता	प्रक्षेत्र बांध/कन्टूर बांध, गली प्लग, अवरोध बांध, जल संचयन संरचनायें, भूजल के पुर्नभरण संरचनायें, प्रक्षेत्र तालाब, जल रिसाव टैंक आदि
कम फसल सघनता	बहु फसलीय उत्पादन प्रणाली
तकनीकी ज्ञान का आभाव	परियोजना के सभी हितधारकों का गहन प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण तथा ज्ञानवर्धक भ्रमण
सिंचाई साधानों की कमी	पानी के सतही भण्डारण में वृद्धि करके सिंचाई सुविधाओं का विस्तार
फसलों की कम उत्पादकता	अधिक उपज देने वाली किस्मों के साथ कृषि उत्पादन के नवीनतम उत्पादन प्रणाली का प्रयोग
पेयजल की कम उपलब्धता (मनुष्य एवं पशुओं को)	भूजल पुनर्भरण, सतही जल भण्डारण में वृद्धि तथा तालाबों एवं पक्का चेकडैम का निर्माण
अत्यधिक चराई	नियंत्रित चराई तथा चारागाह एवं घास–मैदान का विकास
कम वानास्पति आच्छादन	वानास्पतिक एवं वन आच्छादन का विकास एवं वृद्धि
कम दूध देने वाले दुधारू पशुओं की प्रजातियां	कृत्रिम गर्भाधान के द्वारा पशु नस्ल में सुधार और पैरावेट कर्मियों की स्वरोजगार वृद्धि
कम दुग्ध उत्पादन	नस्ल सुधार, पोषक तत्व युक्त संतुलित एवं पर्याप्त आहार जिसमें हरा चारा आदि सम्मिलित हो
भूसा एवं हरे चारे की कमी	हरे चारे का उत्पादन एवं सुंतुलित आहार की व्यवस्था
लकड़ी/इर्धन की कमी	वानास्पतिक/वन आच्छादन में वृद्धि तथा सामूहिक संसाधनों का सुधार
उचित बाजार सुविधाओं का अभाव	लिंक मार्गो के निर्माण द्वारा बाजार तक आसान पहुँच तथा उत्पादों की गुणवत्ता में वृद्धि
शिक्षा, परिवहन, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव	शिक्षा, परिवहन, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार एवं विस्तार
अनार्थिक आजीविका गतिविधियां, अल्प मजदूरी, रोजगार अवसरों की कमी	लाभकारक आजीविका गतिविधियों में वृद्धि, भूमि एवं जल संरक्षण कार्यो द्वारा रोजगार के अवसर एवं मजदूरी में वृद्धि तथा आजीविका, स्वरोजगार, लघुउद्यम एवं आय में वृद्धि सम्बन्धित गतिविधियों का विस्तार
छोटी जोत एवं परिवारों की कम आय	फसल उत्पादकता, बहु फसलीय खेती तथा घरेलू उत्पादन में सुधार
परियोजना क्षेत्र से प्रवासन	भूमि एवं जल संरक्षण कार्यो द्वारा रोजगार के अवसर एवं मजदूरी में वृद्धि, आय में वृद्धि सम्बन्धित गतिविधियों का विस्तार द्वारा प्रवासन में कमी

ग्रामीण सहभागी मूल्यांकन के अन्तर्गत चिन्हित समस्याए/मुद्दे एवं उनके कारण तथा निवारण

चिन्हित समस्याए/मुद्दे	सक्षिप्त कारण
1- प्राकृतिक संसाधनो का ह्रास	सामान्य तौर पर जनता प्राकृतिक संसाधनों जैसे मिट्टी, पानी और वानस्पतिक आवरणो के क्षरण एवं ह्रास की ओर ध्यान नही देते है और अपने निजि स्वार्थ में इन संसाधनो के ह्रास में बढ चढ कर भाग लेते है । वे यह सोचते है कि संसाधनो की देख रेख की जिम्मेदारी सरकार की है और उनका काम इन संसाधनो का अधिक से अधिक दोहन करना है ।
2- कम आमदनी	बढती आबादी के कारण जोते छोटी होती जा रही है और यह कम आबादी के बढने के कारण निरन्तर बढ रहा है जिसके कारण जोते आर्थिक रुप से लाभप्रद नही है जिसके कारण आमदनी कम होती जा रही है । अन्य आय में वृद्वि करने वाली गतिविधिया बहुत कम है जिसके कारण खेती के बाद मजदूरी ही एक मात्र विकल्प है । गाव में मजदूरी के अलावा अन्य आय में वृद्वि करने वाली गतिविधियों को अपनाने सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्रो तथा संसाधनो एवं वित्त पोषण की भी भारी कमी के अलावा मिल कर गरीबी के विरुद्ध संघर्ष करने एवं आय बढाने की जागरुकतस का अभाव भी देखा गया है ।

चिन्हित समस्याए/मुद्दे	ऐतिहासिक स्थिति			सुझाव/निराकरण	
	10 साल पहले	20 साल पहले	30 साल पहले	स्थानीय/परम्परागत	बाह्य
1- प्राकृतिक संसाधनो का ह्रास	वर्तमान स्थिति की अपेक्षा 10 प्र० कम था	वर्तमान स्थिति की अपेक्षा 20 प्र० कम था	वर्तमान स्थिति की अपेक्षा 30 प्र० कम था	1- वर्षा से पहले खेत के मेडो की मरम्मत करना 2-जलायशो में पानी का भण्डारण 3-स्थानीय नालो से सिचाई के लिए पानी उठाना 4- पानी का उपयोग कम करना 5-बाग बगीचा लगाना	1- माइक्रोवाटरशेड के उपरी भाग में कण्टूर बण्डिग, बीच भाग मार्जनल बॉध तथा निचले भाग पेरिफेरल बॉध का निर्माण 2- छोटी एवं मध्यम गहरी गली में गली प्लग, चौडी गली में मिट्टी का चेक बॉध तथा पानी के सुरक्षित निकास हेतु पक्का निकास का निर्माण 3- उपयुक्त स्थलो पर जल संचय बंन्धियों का निर्माण 4- मौसमी नालो पर पानी के ठहराव हेतु चेक डैम का निर्माण 5- प्रक्षेत्र तालाब का निर्माण तथा पुराने तालाबो का जिर्णोद्धार 6- उपयोगी पेड पौधो जैसे सागौन, नीम, पापुलर, सहजन आदि का रोपण 7-पानी के बचत हेतु उपयुक्त सिंचाई विधियों का प्रयोग
2- कम आमदनी	वर्तमान स्थिति की अपेक्षा 10 प्र० कम था	वर्तमान स्थिति की अपेक्षा 20 प्र० कम था	वर्तमान स्थिति की अपेक्षा 30 प्र० कम था	1- किसान आमदनी बढाने हेतु विभिन्न फसलो को अपना रहे है 2- थानकदी फसलो की ओर झुकाव बढा है	1- फसल पद्धति में कैश क्राप तथा विभिन्न आय बढाने वाली फसलो तथा क्रियाओ को स्थान देना तथा मण्डी से जुडना 2- थाकृषि उत्पादो के विक्रय हेतु विभिन्न विक्रय केन्द्र की स्थापना तथा सुगम यातायात की व्यवस्था करना 3- शीघ्रविनष्ट होने वाले कृषि उत्पादो के भण्डारण हेतु शीत भण्डार गृहो की स्थापना 4- ग्रामीण युवको को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना 5- छोटे छोटे कुटीर उघोगो तथा व्यवसायो की स्थापना कर खेती पर दबाव कम करना जिससे की आय में वृद्धि हो सके ।

4.3 मृदा कटाव, मृदा एवं जल संरक्षण से सम्बन्धित समस्यायें

पानी द्वारा मृदा कटाव तीन प्रकार से होता है, (1) शीट इरोजन या चादरीय कटाव (2) रिल इरोजन या नालीदार कटाव तथा (3) गली इरोजन। चादरीय कटाव वाटरशेड के सबसे ऊपरी भाग में कम ढ़ाल वाले क्षेत्र में होता है। वर्षा का पानी मिट्टी के महीन कणों तथा उर्वरक तत्वों को समान रूप से बहा ले जाता है। यह सबसे खतरनाक कटाव है। क्योंकि कृषक इस पर ध्यान नहीं देता है। परियोजना क्षेत्र में यह कटाव 73 प्रतिशत क्षेत्र में है। रिल कटाव में वाटरशेड के मध्य निचले भाग में छोटी–छोटी नालियां बनने लगती हैं जो आगे चलकर बड़ी–बड़ी नालियों में बदल जाती हैं। परियोजना क्षेत्र में यह कटाव 27 प्रतिशत भूभाग में फैला है। निम्नलिखित सारणी में विभिन्न कटाव के अन्तर्गत क्षेत्रफल दर्शाया गया है जिसे नीचे रंगीन पाई चार्ट में भी दर्शाया गया है।

क्र0 सं0	माइक्रो वाटरशेड का नाम एवं कोड	**मृदा कटाव का प्रकार क्षेत्रफल हे0**			**जल अपवाह (रनआफ) (मिमी/हे0/वर्ष)**	**औसत मृदा ह्रास (टन/हे0/वर्ष)**
		चादरीय कटाव (शीट इरोजन)	नाली कटाव (रिल इरोजन)	गली कटाव (गली इरोजन)		
1	2B2A1a2d टिका सेमरिया	992.00	285.00	-	617	12-13
2	2B2A1a2c शिवपुर कपूरदीयर	375.00	115.00	-		
3	2B2A1a2b दलनछपरा	906.00	311.00	-		
4	2B2A1a1c सोनबरसा	1259.00	526.00	-		
5	2B2A1a2a रामपुर कोधारा	385.00	175.00	-		
6	2B2A1a1b भोजपुर	211.00	80.00	-		
	योग	**4128.00**	**1492.00**	**-**		



संस्तुतियाँ–

परियोजना के 73 प्रतिशत क्षेत्र में शीट इरोजन की समस्या है। रिल इरोजन केवल 27 प्रतिशत क्षेत्र में है। इस प्रकार क्षेत्र में मृदा कटाव की गम्भीर समस्या नहीं है। शीट इरोजन से प्रभावित क्षेत्रों में माइक्रोवाटरशेड के सबसे ऊपरी भाग में जहां पर समतल जमीन है फीलड बंडिंग कराया जा सकता है जिससे खेत का पानी खेत में रूकने के कारण मृदा प्रोफाइल में नमी का प्रतिशत बढ़ेगा तथा भूमिगत जल की रिचार्जिंग हो सकेगी। फील्ड बंडिंग के द्वारा पानी के साथ बहने वाले पोषक तत्वों को भी खेत में ही रोका जा सकता है। शेष भाग में जहां पर ढाल स्पष्टतः दिखाई दे कनटूर बंडिंग का कार्यक्रम लिया जा सकता है। कन्टूर बंडिंग का लेआउट करते समय हुकिंग का विशेष ध्यान रखना चाहिये और कन्टूर बण्ड के आरएल से कम से कम 22 से0मी0 की ऊंचाई पर हुकिंग का तल निश्चित करना चाहिये। कन्टूर बण्डकी लम्बाई अधिक होने पर बीच–बीच में लैटरल भी देना चाहिये जिससे पानी एक स्थान पर एकत्रित होकर कन्टूर बण्ड को तोड़ ना सके। कन्टूर बण्ड का क्रास सेक्सन–आधार की लम्बाई, ऊंचाई, शीर्ष की चौड़ाई तथा साइड स्लोप का निर्धारण मिट्टी की किस्म के आधार पर किया जाता है जिसका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है। कण्टूर बंड के पश्चात जहां ढाल में परिवर्तन हो या मृदा कटाव शीट इरोजन से रिल इरोजन में परिवर्तित होने लगे, मार्जिनल बंड का निर्माण कराना चाहिए । नालो के किनारे कृषि क्षेत्र में उनके विस्तार रोकने के उददेश्य से पेरीफेरल बण्ड का निर्माण कराना चाहिये । छोटी छोटी गली के नियंत्रण हेतु गलीप्लग का नियोजन एवं निर्माण कराया जा सकता है ।

4.4 फील्ड बण्ड, कन्टूर बण्ड, मार्जिनल बण्ड तथा पेरीफेरल बण्ड की विशिष्टियाँ

बाँध का प्रकार	मृदा प्रकार/ढ़ाल	विशिष्टियाँ (से0मी0 में)				
		शीर्ष की चौड़ाई	आधार	ऊचाईं	पार्श्व ढ़ाल	अनुप्रस्थ काट
1. फील्ड बण्ड	0-0.5% ढ़ाल	30	120	45	1:1	0.34 m^2
2. कन्टूर बण्ड	0.5-3% ढ़ाल दोमट	45	225	60	1.5:1	0.81 m^2
	बलुई मिट्टी	45	285	60	2:1	0.99 m^2
3. मार्जिनल बण्ड	3-5% ढ़ाल रिल प्रभावित क्षेत्र	60	360	100	1.5:1	2.10m^2
4. पेरीफेरल बण्ड	ऐसी गली के शीर्ष पर जो कृषि भूमि में फैल रही हो	100	400	100	1.5:1	2.5m^2
5. गली प्लग	उथली एवं मध्यम गहरी गली में	100	475	125	1:5:1	3.60m^2
6. मिट्टी का चेक बाँध	मध्यम बड़ी गली में	150 150 150 200	750 850 950 1200	150 175 200 250	2:1 2:1 2:1 2:1	6.75m^2 8.75m^2 11.00m^2 17.50m^2

कन्टूर बण्ड का नियोजन निश्चित वर्टीकल इण्टरवल एवं हारीजेन्टल इण्टरवल पर किया जाता है, जिसका ढ़ाल के अनुसार विवरण नीचे सारणी में दिया गया है–

ढ़ाल %	वर्टीकल इण्टरवल **(VI) M.**	हारीजेन्टल इण्टरवल **(HI) M.**
1.0	0.7	70
1.5	0.75	50
2.0	0.80	40
2.5	0.85	34
3.0	0.90	30
3.50	0.95	27
4.0	1.00	25
4.50	1.05	24
5.50	1.15	21
6.00	1.20	20

पानी के सुरक्षित निकास हेतु निम्नलिखित प्रकार के **आउटलेट** में से पानी निकासी की मात्रा एवं ड्राप के अनुसार चुनना चाहिये–

1. घासदार आउटलेट
2. स्थानीय कंकड़ से पिच किया गया आउटलेट
3. ईट से पिच किया गया आउटलेट
4. पाइप आउटलेट बिना हेडवाल/हेडवाल सहित
5. ड्राप स्पिलवे
6. सूट स्पिलवे
7. पाइप इनलेट स्पिलवे या ड्राप इनलेट स्पिलवे

उपर्युक्त आउटलेट का चुनाव निम्नलिखित सारणी में से किया जा सकता है–

क्रम सं0	आउटलेट का प्रकार	उद्देश्य	उपचार का नाम	ड्राप/फाल मी0 में	सम्भावित डिस्चार्ज क्यूबिक मी प्रति सेकण्ड
1	कंकर पिच आउटलेट ब्रिक पिच आउटलेट	अतिरिक्त पानी के सुरक्षित निकासी हेतु	फील्ड/कन्टूर बण्ड	0.5 m	0 - 0.5 cumec
2	साधारण पाइप आउटलेट	फील्ड बण्ड आउटलेट	फील्ड बण्ड	0.5 m.	0.05 – 0.10 cumec
3	ब्रिक वर्क के साथ हयूम पाइप	अतिरिक्त पानी के सुरक्षित निकासी हेतु	कन्टूर बण्ड	0.5-1.0 m.	0.10 - 0.25 cumec
4	छोटी सूट	अतिरिक्त पानी के सुरक्षित निकासी हेतु	कन्टूर बण्ड/मार्जिनल बण्ड	1.0 -1.5 m.	<+0.5 cumec
5	ड्राप स्पिलवे	गली हेड कन्ट्रोल	मार्जिनल, पेरीफेरल बण्ड एवं गली नियंत्रण कार्य	<+3.0 m.	>0.5 cumec
6	ड्राप इनलेट जल भण्डारण के साथ	अतिरिक्त पानी के सुरक्षित निकासी हेतु	जल संचयन बंधी	1.5 m.	1.0 cumec
4	ड्राप इनलेट बिना जल भण्डारण के साथ	अतिरिक्त पानी के सुरक्षित निकासी हेतु	चेक डैम (मैसनरी)	2.0 m	>1.5 cumec

4.5 भूमिहीन/सम्पत्तिविहीन/एससी/एसटी व्यक्तियों तथा महिलाओं से सम्बन्धित समस्यायें एवं प्रस्तावित समाधान

क्रम सं0	समस्या	समाधान
1	स्थानीय स्तर पर उचित मजदूरी दर पर रोजगार की अनुपलब्धता	क्षेत्र में श्रमिक बाहुल्य निर्माण कार्यो को लागू करना जिससे उचित मजदूरी दर पर भरपूर कार्य मिल सके
2	अन्य आय सृजनात्मक गतिविधियों की कमी	आय में वृद्धि करने वाली छोटी–छोटी गतिविधियों को प्रारम्भ करना
3	गरीबी के विरुद्ध मिलकर संघर्ष करने का अभाव	स्वयं सहायता समूहों का गठन करना
4	कौशल विकास प्रशिक्षण का अभाव	कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित करना
5	लघु कुटीर उद्योग ढ़ांचा का अभाव	स्थानीय कच्चा माल आधारित लघु कुटीर उद्योगों का चेन बनाना

4.6 उत्पादन प्रणाली एवं सूक्ष्म उद्यम से संबन्धित समस्यायें एवं प्रस्तावित समाधान

क्रम सं0	समस्या	समाधान
1	फसलों के पुराने बीजों का प्रयोग	नई प्रजातियों के संस्तुत बीजों का प्रयोग किया जाना
2	परम्परागत/पुरानी कृषि पद्धतियों तथा फसल उत्पादन तकनीकी का प्रयोग	उन्नत/नई कृषि पद्धतियों का प्रयोग जैसे धान के लिये श्रीविधि तथा गेहूँ के लिये पंक्ति में बुवाई
3 4	उर्वरकों का संतुलित प्रयोग न करना खराब मृदा स्वास्थ	मृदा परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करना गोबर की खाद, हरी खाद, नाडेप खाद, वर्मी कम्पोस्ट खाद का प्रयोग करना
5	सिंचाई जल का दुरूपयोग	सिंचाई जल को ले जाने के लिये एचडीपीई पाइप का प्रयोग करना, असमतल भूमि पर स्प्रिंकलर विधि का प्रयोग तथा फलों एवं सब्जियों की खेती में माइक्रो इरीगेशन सिस्टम का प्रयोग
6	लघु एवं सीमान्त कृषकों के लिये उपयोगी कृषि यंत्रों का अभाव	रोटावेटर, फर्टी कम सीड ड्रिल, जीरो टिल सीड ड्रिल, ट्रैक्टर टिलर आदि को बढ़ावा देना
7	कौशल विकास प्रशिक्षण का अभाव	कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित करना
8	लघु कुटीर उद्योग ढ़ांचा का अभाव	स्थानीय कच्चा माल आधारित लघु कुटीर उद्योगों का चेन बनाना

अध्याय–5

प्रस्तावित उपाय एवं गतिविधियो का विवरण

प्रारम्भिक चरण

प्रारम्भिक चरण का मुख्य उद्देश्य सहभागी द्रष्टिकोण तथा स्थानीय संस्थाओ जैसे वाटरशेड कमेटी, स्वंय सहायता समूह, प्रयोक्ता समूह, वाटरशेड विकास दल के सशक्तीकरण हेतु उचित तंत्र विकसित करना है । इस कार्यचरण में निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां सम्मिलित है –

प्रारम्भिक कार्यकलाप(ई0पी0ए0)

ग्रामीण समुदाय में वाटरशड विकास दल की साख को स्थापित करने एवं ग्रामीणो से आपसी विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारम्भिक कार्यकलाप कराया जाता है । इस मद में निम्नलिखित कार्य कराया गया है जिसे निम्नलिखित सारणी में दिया गया है।

5.1 प्रारम्भिक कार्यकलाप (ई0पी0ए0) का विवरण

क्र0 सं0	जनपद	माइक्रोवाटरशेड का नाम व कोड	विकास खण्ड	ईपीए की लक्षित संख्या	पूर्ण संख्या	ईपीए का नाम	स्थान/गाँव	व्यय	पूर्ण/अपूर्ण
1	2	3	5	6	7	8	9	10	11
1	बलिया	2B2A1a2c , टिका सेमरिया	मुरलीछापर	11	10	सोकपिट	टिका सेमरिया	28945.76	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	30325.23	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	31478.33	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	30534.17	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	31084.40	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	33476.03	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	69200.06	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	80145.65	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	111487.32	पूर्ण
						सोकपिट	टिका सेमरिया	89225.28	पूर्ण
2		2B2A1a2d,	मुरलीछापर	4	3	सोकपिट	बहुरवा	43386.15	पूर्ण

		शिवपुर कपूरदीयर				सोकपिट	हरदयापुर	28752.27	पूर्ण
						सोकपिट	सुर्याभानपुर	83059.89	पूर्ण
3		2B2A1a2bb, दलनछापर	मुरलीछापर	9	7	सोकपिट	दलनछपरा	82145.46	पूर्ण
						सोकपिट	दलनछपरा	55733.50	पूर्ण
						सोकपिट	दलनछपरा	38089.65	पूर्ण
						सोकपिट	दलनछपरा	34885.33	पूर्ण
						सोकपिट	दलनछपरा	31828.32	पूर्ण
						सोकपिट	दलनछपरा	35132.46	पूर्ण
						सोकपिट	दलनछपरा	37440.57	पूर्ण
4		2B2A1a1c, सोनबरसा	मुरलीछापर	14	12	सोकपिट	सोनबरसा	68888.24	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	49320.87	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	53258.23	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	35444.75	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	37904.49	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	37284.41	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	38935.47	पूर्ण
						सोकपिट	सोनबरसा	73803.03	पूर्ण
						सोकपिट	कोरहराउपरवार	30878.27	पूर्ण
						सोकपिट	कोरहराउपरवार	38164.86	पूर्ण
						सोकपिट	कोरहराउपरवार	30570.66	पूर्ण
						सोकपिट	कोरहराउपरवार	31921.17	पूर्ण
5		2B2A1a2a, रामपुर	मुरलीछापर	6	4	सोकपिट	रामपुर कोरहरा	31045.79	पूर्ण
						सोकपिट	रामपुर कोरहरा	46398.43	पूर्ण
						सोकपिट	रामपुर कोरहरा	30546.75	पूर्ण
						सोकपिट	रामपुर कोरहरा	59832.35	पूर्ण
6		2B2A1a1b, भोजपुर	मुरलीछापर	3	2	सोकपिट	सावनछपरा	40622.44	पूर्ण
						सोकपिट	भोजपुर	34889.82	पूर्ण
	योग			**47**	**38**			**1776065.86**	

प्रारम्भिक कार्यकलापो के अन्तर्गत मुख्यतः 38 सोक पिट का निर्माण कराया गया है । स्थानीय आवश्यकता के अनुसार कुओं का जीर्णोधार एवं गंदे पानी के फिल्टर हेतु सोक पिट का निर्माण कराया गया है । आवंटित धनराशि के अनुसार कार्य नही कराया गया है ।

5.2 वाटरशेड विकास कार्य

माइक्रोवाटरशेड में सहभागी ग्रामीणम मूल्यांकन (पीआरए) एक्सरसाइज करते समय क्षेत्र की विभिनन समस्याओं का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया गया जिसे निम्नलिखित सारणी में दिया गया है।

क्रम सं0	कार्यमद का नाम	प्रमुख गतिविधियों का नाम	प्रस्तावित उप गतिविधियों का नाम
1	1. वाटरशेड विकास कार्य	भूमि विकास	1. सगौन, शीशम, नीम, पापलर आदि का खेत के किनारे/कनटूर बण्ड, मार्जिनल बण्ड, पेरीफेरल बण्ड पर रोपण/ब्लाक प्लान्टेशन । 2. फलदार वृक्षों जैसे आम, अमरूद, लीची, केला, पपीता आदि का छोटे–छोटे भूखण्डों पर अथवा बिखरे हुये भूभाग/घर के पास रोपण । 3. गर्मी की जुताई, हरी खाद हेतु ढैचा की बुआई, फील्ड बंडिग, मिक्स क्रापिंग, सह फसली खेती आदि । 4. चारागाह विकास एवं चारे की फसलों जैसे लोबिया, ज्वार, बरसीम, नैपियर घास एव एमपी चरी आदि उगाना । 5. अन्य कार्य जैसे गेहु की कटाई के बाद अवशेष डंढल आदि के जलाने पर प्रतिबंध लगाना तथा जंगली जानवर एवं नील गाय से फसलो की हानि रोकने का उपाय करना ।
2		मृदा एवं नमी संरक्षण	1. कन्टूर बण्ड का निर्माण । 2. मार्जिनल तथा पेरीफेरल बण्ड का निर्माण । 3. छोटी गली में गली प्लग का निर्माण । 4. पानी के निकासी हेतु कंकण पिच्ड आउटलेट, पक्का आउट लेट का निर्माण ।
3		वानास्पतिक एवं अभियांत्रिक संरचनायें/नाला उपचार	1. छोटी–छोटी अंगुलिकाओं पर वानास्पितक चेक बांध/ब्रसवुड चेक बांध का स्थानीय सामग्री से निमार्ण ।

			2. मिटटी के चेक बांध का निमार्ण । 3. नाला के ढ़ाल नियंत्रण हेतु संरचनायें/जल भण्डारण की संरचनायें जैसे ड्राप स्पिलवे का निमार्ण । 4. पानी के सुरक्षित निकासी हेतु ड्राप इनलेट, ड्राप स्पिलवे आदि का निमार्ण ।
4		जल भण्डारण/ जल संचयन संरचनायें (नव सृजित)	1. पक्का चेक डैम का निर्माण । 2. फार्म पाण्ड/तालाब का निर्माण (नया/जीर्णोद्धार) 3. जल संचयन बंधी पक्का आउटलेट के साथ (नया/जीर्णोद्धार)
5		जल भण्डारण/ जल संचयन संरचनायें (जीर्णोद्धार)	1. फार्म पाण्ड/तालाब का निर्माण (जीर्णोद्धार)

5.3 सहभागी नेट प्लानिंग/नियोजन

सहभागी नेट प्लानिंग/नियोजन (Participatory Net Plaining), वाटरशेड विकास कार्यो जैसे मृदा एवं नमी संरक्षण के विभिन्न कार्य, वानस्पतिक एवं अभियांत्रिक संरचनाए जल संचयन संरचनाए नव सृजित/जीर्णोद्धार जैसे विभिन्न उपचारो के नियोजन का एक ऐसा साधन है जिसमें कृषक परिवारों को उनके खेतों के आवश्यक उपचारों के नियोजन में सक्रिय रूप से शामिल किया जाता है। इसमें संबंधित कृषक परिवार अपनी भूमि, जो उसके लिए स्थानिक एवं सामाजिक महत्व रखती है तथा जिससे वह अपनी आवश्यकता व हित की पूर्ति करता है, को ध्यान में रखते हुए उस पर उपयुक्त उपचारों का नियोजन करता है। इस प्रकिया में संबंधित भूखण्ड की समस्याओं का विस्तृत अध्ययन किया जाता है। इसके संबंध में भू स्वामी के परिवार के सदस्यों से विचार विमर्श के पश्चात् आवश्यकतानुसार उपयुक्त भूमि एवं जल संरक्षण उपचार प्रस्तावित किये जाते हैं तथा उनकी अनुमानित लागत/व्यय का आंकलन किया जाता है जिसकी जानकारी भूमिस्वामी को दी जाती है । जब प्रस्तावित कार्यों के संबंध में सहमति प्राप्त हो जाती है तो कार्यों के निष्पादन मे किसी प्रकार का विरोध होने का प्रश्न समाप्त हो जाता है। इस प्रकार सहभागी नेट प्लानिग से उपचारित कार्यों के स्वामित्व तथा स्थायित्व को बढ़ावा मिलता है। इससे आपसी सीख, स्वदेशी तकनीक तथा कृषक परिवार के सुझाव का समावेश होता है और यह नियोजित कार्यों/उपचारों के सूचारु रूप से कार्यान्वयन के लिए बहुत प्रभावी सिद्ध होता है। यह कार्य वाटरशेड कमेटी के सहयोग से करना चाहिये। विभिन्न प्रकार की संरचनाओं जैसे भूमि कटाव रोकने से सम्बन्धित कन्टूर बण्डिंग, मार्जिनल बांध, पेरीफरल बांध, गली प्लग तथा जल संचयन से सम्बन्धित संरचनाओं जैसे वाटरहार्वेस्टिग बंधी, चेक डैम एवं पक्के जल निकास के निर्माण हेतु आवश्यक विशेष भूआकृतिक सर्वेक्षण भी करना आवश्यक होता है। पश्नगत परियोजना के अर्न्तगत सहभागी नेट प्लानिंग के सिधान्तो पर अमल करते हुए वाटरशेड विकास कार्यो का प्लाट वार नियोजन एवं आगणन तैयार किया जाए तथा विभिन्न पक्की संरचनाओ की डिजाइन तैयार की गयी है ।

5.4 संरचनाओं की डिजाइन एवं अभिकल्पन के महत्वपूर्ण बिन्दु

स्थान विशेष की आवश्यकता व भूस्थलाकृति तथा जल अपवाह दर के दृष्टिगत वांछित प्रकार की संरचनाओं की डिजाइन निम्न प्रकार से करनी चाहिये–

1. **हाइड्रोलोजिकल डिजाइनः**
   इसके अन्तर्गत संरचना स्थल पर जल समेंट क्षेत्र से आने वाले अधिकतम जल अपवाह दर/रन आफ का आकलन किया जाता है।
2. **हाइड्रालिक डिजाइनः**
   इसके अन्तर्गत संरचना की क्रेस्ट की लम्बाई ज्ञात की जाती है।
3. **स्ट्रकचरल डिजाइन :**
   इसके अन्तर्गत संरचना के विभिन्न अवयवों/अंगों/भागों के माप तथा भार सहने की क्षमता ज्ञात किये जाते है।

हाइड्रॉलाजिकल डिजाइनः–

वर्षा जल अपवाह का आकलन (Estimation of Runoff)

रेशनल विधि द्वारा जल अपवाह रन आफ का आकलन

इस विधि द्वारा रन आफ ज्ञात करने के लिये निम्न रैमसर सूत्र का प्रयोग किया जाता है –

$$Q = (CIA)/360$$

जहां Q = अधिकतम जल अपवाह पीक रेट आफ रन आफ क्यूमेक

C = जल अपवाह गुणांक आफ (रन आफ कोफीसियेंट)

I= वर्षा की सघनता मि.मी. में (सकेन्द्रता समय/ टाइम आफ कन्सेन्ट्रेषन) के बराबर की अवधि के लिये

A = जल ग्रहण/जल समेट क्षेत्र का क्षेत्रफल हेक्टेयर में।

इस विधि से जल अपवाह दर की गणना में निम्नलिखित परिकल्पनायें हैंः–

- जलसमेट क्षेत्र में वर्षा कम से कम उस अवधि तक समान सघनता की अवश्य हों, जितना कि उस जलसमेट क्षेत्र का टाइम ऑफ कंसन्ट्रेशन है।
- टाइम ऑफ कंसन्ट्रेशन जलसमेट क्षेत्र के सुदूर स्थित बिन्दु से पानी के जल निकास तक पहुँचने के समय को कहते हैं।
- समान सघनता की वर्षा पूरे जलसमेट क्षेत्र में हो।

अधिकतम जल अपवाह पीक रेट आफ रन आफ का आकलन में निम्न प्रकार से किया जाय –

(1) जल अपवाह गुणांक (Runoff Coefficeint) C का मान ज्ञात करना

इसे जल समेंट क्षेत्र की भूमि व वानस्पतिक आवरण के अनुसार निम्न सारिणी से ज्ञात किया जा जा सकता है।

जल अपवाह गुणांक (Runoff Coefficeint) C

क्र.सं.	मृदा प्रकार	जल ग्रहण क्षेत्र की भूमि का उपयोग		
		कृषि क्षेत्र	चारागाह	वन क्षेत्र
अ	अधिक इंफिल्ट्रेशन दर वाली बलुई या कंकरीली मिट्टी	0.29	0.15	0.10
ब	मध्यम इंफिल्ट्रेशन दर वाली दोमट या अन्य सामान्य मिट्टी	0.40	0.35	0.30
स	न्यून इंफिल्ट्रेषन दर वाली चिकनी मिट्टी	0.5	0.45	0.40

यदि सम्पूर्ण जलसमेट क्षेत्र कई प्रकार के भूमि उपयोग में हो, तो औसत 'सी' का मान निम्न प्रकार ज्ञात करनी चाहिये–

$$\text{सी} = \frac{ए_1 \times \text{सी}_1 + ए_2\text{सी}_2 + ए_3\text{स}_3 + \ldots\ldots\ldots}{\text{ए}}$$

जहाँ $ए_1$, $ए_2$ तथा $ए_3$ विभिन्न भूमि उपयोगों के अन्तर्गत क्षेत्र है तथा सी_1, सी_2 तथा सी_3 उन भूमि उपयोगों का अलग–अलग 'सी' का मान है।

(2) वर्षा की सघनता (रेनफाल इन्टेसिटी)

समान्यतः वर्षा की सघनता मौसम विभाग की वेधशाला से ज्ञात किया जाता है, किन्तु इसके लिए भारत के विभिन्न क्षेत्रों के आकड़ों के आधार पर 10, 25 व 50 वर्षान्तरालों (रिकरेन्श इन्टरवल) पर प्रति घण्टा वर्षा सघनता के कन्टूर्स तैयार किये गये है जहां से संबंधित क्षेत्र की प्रति घण्टा वर्षा सघनता (I) ज्ञात की जा सकती है। उपरोक्त वर्षा सघनता कन्टूर निम्न चित्र में दर्शाया गया है –







(3) सकेन्द्रता समय/टाइम आफ कन्सेन्ट्रेषन (TC) के बराबर की अवधि के लिये वर्षा की सघनता I, का मान ज्ञात करना।





5(a) . INTENSITY OF RAINFALL FOR THE TIME OF CONCENTRATION mm/hour

यह प्रक्रिया निम्न प्रकार करनी चाहिये–

- उपरोक्त वर्षा की सघनता/कंटूर की सहायता से अधिकतम वर्षा की सघनता (Maximum Rain fall Intensity) (मि0 मि0 प्रति घंटा) ज्ञात की जाय।
- सकेन्द्रता समय/टाइम आफ कन्सेन्ट्रेशन निम्न प्रकार ज्ञात किया जाय–
  जल समेंट क्षेत्र के आउटलेट/डिजाइन की जाने वाली संरचना स्थल से जल समेंट क्षेत्र के दूरस्थ विन्दु के बीच की अधिकतम लम्बाई/दूरी (L) व इन विन्दुओं के बीच के तलों में अन्तर/ऊर्ध्वाधर दूरी (Vertical distance) (H) मीटर में ज्ञात करें तथा सूत्र (फार्मूला) द्वारा सकेन्द्रता समय/टाइम आफ कन्सेन्ट्रेषन निम्न सूत्र से ज्ञात करे –

$$t = 0.01947\ K^{0.77}$$

  - जहाँ $t =$ टाइम ऑफ कंसन्ट्रेशन, मिनट में
  - $k = \sqrt{L^3/H}$
  - जहाँ $L =$ जलसमेट के सुदूर बिन्दु से आउटलेट की दूरी, मीटर
  - $H =$ सुदूर बिन्दु एवं आउटलेट के बीच तल का अंतर, मी0

नोमोग्राफ द्वारा सकेन्द्रता समय/टाइम आफ कन्सेन्ट्रेषन ज्ञात करना –

- नोमोग्राफ जिसमें (L), (TC) **तथा** (H) की खड़ी (Vertical) रेखाओं में इनके विभिन्न मान दिए गए हैं, इस नोमोग्राफ में प्रश्नगत जल समेंट के (L), तथा (H) के ज्ञात किए गए मान के बिन्दु मार्क कर लिए जांय तथा दोनों बिन्दुओं को सीधी रेखा से मिलाया जाय।

- यह रेखा (TC) की खड़ी रेखा को जिस बिन्दु पर काटेगी वही (TC) का मान होगा।

सकेन्द्रता समय/टाइम आफ कन्सेन्ट्रेषन के बराबर की अवधि के लिये वर्षा की सघनता I, का मान निम्न प्रकार ज्ञात करना –

ग्राफ के लम्बवत (Vertical) (Y) अक्ष पर अधिकतम वर्षा के आंकडों अथवा भारत के मानचित्र पर दिए गए अधिकतम वर्षा के कंटूर के अनुसार अधिकतम वर्षा की सघनता (Maximum Rain fall Intensity) प्रदर्शित की गई है। इसी नोमो ग्राफ में विभिन्न सकेन्द्रता समय (5, 15, 30, 60 मिनट आदि) की वक्र रेखायें तथा क्षैतिज (Horigental) (X) अक्ष पर सकेन्द्रता समय **(TC)** के अनुसार वर्षा की सघनता (I) के मान दिये गये है।

वर्षा के आकड़ों/भारत के मानचित्र पर वर्षा की सघनता के कन्टूर के आधार पर प्रति घण्टा वर्षा की सघनता को नोमोग्राफ की सहायता से ज्ञात किये सकेन्द्रता समय के अनुसार जल अपवाह (Runoff) सूत्र में प्रयोग होने वाली वर्षा की सघनता (I) का मान निम्न प्रकार ज्ञात किया जाय।

- नोमो ग्राफ के उर्ध्वाधर (Vertical) (Y) अक्ष पर वर्षा के आकड़ों/भारत के मानचित्र पर वर्षा की सघनता के कन्टूर्स के आधार पर प्रति घण्टा वर्षा की सघनता के मान का बिन्दु मार्क/चिन्हित करें।
- उक्त बिन्दु से क्षैतिज (X) अक्ष के समानान्तर रेखा खींची जाये जो नोमोग्राफ की सहायता से प्राप्त सकेन्द्रता समय वाले वक्र को किसी बिन्दु पर कांटे। इस बिन्दु से क्षैतिज अक्ष पर एक लम्बवत् रेखा खींची जाये यह रेखा क्षैतिज अक्ष के जिस बिन्दु पर काटे सूत्र में प्रयोग की जाने वाली वर्षा की सघनता (I) का अभीष्ठ मान होगा।
- जल समेंट क्षेत्र का क्षेत्रफल हेक्टेयर में ज्ञात करें।
- Q = CIA/360, सूत्र का प्रयोग कर, Q (Runoff)/जल अपवाह ज्ञात किया जा सकता है।

5.2.3.1 कर्व नम्बर मेथड

अमेरिकन स्वायल कन्जरवेशन सर्विस द्वारा कर्व नम्बर का प्रयोग रेनफाल एक्सेस की गणना के लिये किया जााात है जो निम्नवत् है–

$$Q = \frac{(p - 0.3S)^2}{P + 0.7S}$$

जहां पर Q= वाटरशेड क्षेत्र में रनआफ मिमी में
P= वर्षा की मात्रा मिमी में
S= सतही भण्डारण
इस विधि का प्रयोग कुल रनआफ की गणना में किया जाता है।
जहां पर

$$S = \frac{25400}{CN} - 254$$

CN = कर्व नम्बर जिसका मान 0 से 100 के बीच में होता है।

अध्याय–6

आजीविका क्रियाकलाप

समेकित वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम की मार्गदर्शिका के अंतर्गत भूमि, जल एवं पादप संरक्षण आदि कार्यों के अतिरिक्त वाटरशेड क्षेत्र के समग्र विकास तथा सम्पूर्ण वाटरशेड समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण हेतु भूमिहीन/सम्पत्तिहीन, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिला मुखिया परिवारों तथा अन्य हाशिये पर आये समुदायों के आजीविकोपार्जन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। परियोजना की कुल लागत का 9 प्रतिशत भाग ऐसे परिवारों के आजीविका क्रियाकलापों की सहायता हेतु निर्धारित किया गया है।

6.1 उद्देश्यः–

- सृजित वाटरशेड कार्यो की संभावित कार्यक्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए दीर्घकालीन आजीविका के अवसर प्रदान करना।
- वाटरशेड समुदाय की आय में वृद्धि करना।
- गरीबों की सम्पत्तियों में निवेश, उत्पादकता तथा आय में वृद्धि द्वारा आजीविकोपार्जन में सुधार का सुअवसर प्रदान करना।
- सामूहिक संसाधनों के उपयोग व लाभ में बढ़ोत्तरी करना।

6.2. आजीविका कार्य कलाप

वाटरशेड क्षेत्रों में उन्हीं आजीविका क्रिया कलापों का चयन किया जाय जो पहले से भली–भाँति प्रचलित व उपयुक्त हों और लाभकारी ढंग से संचालित कियें जा सकते हो। ऐसे कार्यकलाप स्वंय सहायता समूह की आपसी सहमति से निश्चित किये जाने चाहिए और उन्हीं का नियोजन व क्रियान्वन किया जायेगा। आई0डब्ल्यू0एम0पी0 योजनान्तर्गत आजीविका कार्यकलापों के क्रियान्वयन हेतु कुल परियोजना लागत की 9 प्रतिशत धनराशि मात्राकृत है जिसमें कृषि प्रक्षेत्र आधारित तथा गैर प्रक्षेत्र आधारित आजीविका कार्यकलाप सम्मिलित है जिनमें से आवश्यकतानुसार अथवा अन्य कार्यकलापों जो उचित व उपयुक्त समझें जायें का चयन करके उनकी आजीविका कार्ययोजना बनाकर कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा।

6.3. आजीविका नियोजन (Livelihood Planning)

आजीविका नियोजन में उन्हीं कार्यकलापों को प्राथमिकता दी गयी है , जो वाटरशेड समुदाय द्वारा पहले से की जा रही हैं अथवा उस क्षेत्र के लिए उपयोगी एवं सुलभ है और उनके उत्पादों का समुचित मूल्य स्थानीय बाजार में प्राप्त हो सके। नये तथा आधुनिक कार्यकलापों को थोपा न जाय। यदि कोई

कार्यकलाप क्षेत्रवासियों के लिये उपयुक्त, उपयोगी, व लाभप्रद हों, उनके उत्पादन खपत व विपणन में कोई कठिनाई न हो तो उसे समूहों से विचार विमर्श व उनकी सहमति के उपरान्त ही प्रस्तावित/नियोजित कियें जाय। इसके कार्यान्वयन के संबंध में क्षमता वृद्धि हेतु विधिवत प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा आवश्यक पिछली व अगली कड़ियों (Backward and forwardLinkages) को भी सुनिश्चित किया जाय जिससे ये कार्यकलाप लाभकारी सिद्ध हो सकें।

आजीविका नियोजन का सर्वप्रथम कार्य आजीविका कार्य योजना तैयार करना है। जिसके लिए निम्न लिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

6.4 आजीविका कार्य योजना के मुख्य आयाम/बिन्दु

- लक्षित लाभार्थियों को आजीविका के क्रिया कलापों के प्रति पूर्ण जानकारी तथा सुग्राह्यता हेतु ग्राम सभा स्तर पर जागरूकता उत्पन्न किया जाना चाहिए।
- आजीविका कार्य योजना (Livelihood Action Plan) तैयार करना, आजीविका के सभी घटकों हेतु धनराशि की प्राप्ति हेतु अपेक्षित/आवश्यक कार्य है।
- आजीविका कार्य योजना, परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (PIA) द्वारा प्रारम्भिक चरण के दौरान ही वाटरशेड विकास दल (WDT), वाटरशेड समिति (WC), स्वंय सहायता समूहों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, भूमिहीन/सम्पत्तिहीन परिवारों के सदस्यों से विचार विमर्श करके तैयार की जानी चाहिए।
- आजीविका कार्य योजना विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी0पी0आर0) का एक अभिन्न अंग होगी। इसे तैयार करने में किसी विशेषज्ञ पेशेवर, संस्था या दल, की सेवाऐं संविदा पर ली जा सकती है जिसका व्यय प्रशासनिक मद से वहन किया जा सकता है।
- पी0आई0ए0 को परियोजना की आजीविका कार्य योजना, द्वितीय किस्त के अवमुक्त होने के पूर्व तैयार कर लेना आवश्यक है।
- आजीविका कार्य योजना का रोजगार सृजन के अन्य कार्यक्रमों जैसे– महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (MNREGS), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिषन (NRLM), आदि से सुमेलीकरण/सम्मिलन (Convergence) किया जा सकता है।
- आजीविका कार्य योजना निर्माण में आजीविका क्रिया कलापों, सहायता किए जाने वाले समूहों की संख्या तथा प्रत्याशित परिणाम का समावेश होना चाहिए।
- आजीविका कार्य योजना की एक प्रति संबंधित स्वंय सहायता समूहों, तथा ग्राम पंचायतों/वाटरशेड कमेटी को भी उपलब्ध करायी जानी चाहिये।
- पी0आई0ए0 द्वारा योजना की समीक्षा की जानी चाहिए और यदि आवश्यक हो तो हित ग्राहियों से विचार विमर्शोपरान्त कार्य योजना को संषोधित किया जा सकता है।

6.5 लाभार्थियों की मौजूदा आजीविका कार्यकलापों का विश्लेषण

- मौजूदा आजीविका का विश्लेषण वाटरशेड क्षेत्र के ग्रामों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं मौजूदा आजीविका संबंधी पूंजी व परिस्थिति, उत्पादन, खपत व विपणन तथा आवश्यक पिछली व अगली कड़ियों की सुनिश्चितता आदि के आधार पर करना चाहिए। यह विश्लेषण सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (PRA) के दौरान सकेन्द्रित समूह चर्चा (Focus Group Discussion) तथा लाभार्थियों व वाटरशेड समिति से विचार विमर्श के माध्यम से किया जा सकता है।
- उपरोक्तानुसार व्यक्तियों तथा उनके समुदायों व समूहों की मुख्य आजीविका क्या है तथा वे और कौन कौन सी आजीविका अपनाना चाहते हैं के विषय में पूर्ण सूचना व जानकारी एकत्रित करनी चाहिए।

6.6 योजना के लाभार्थी

सीमान्तक समाज, जिसमें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, भूमिहीन/सम्पत्तिहीन, महिलाओं के स्वयं सहायता समूह तथा कम से कम 5 स्वयं सहायता समूहों के संघ योजना के लाभर्थी होंगे। उद्यमशील व्यक्तियों को भी आजीविका कार्यकलापों हेतु मात्राकृत 09 प्रतिशत धनराषि के 10 प्रतिशत वित्तीय सहायता पर विचार किया जा सकता है। इनमें से भी गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाना चाहिए।

6.7 आजीविका कार्यकलापों हेतु मात्राकृत धनराशि

1. कुल परियोजना लागत का 9 प्रतिश्शत भाग भूमिहीन/सम्पत्तिहीन परिवारों के आजीविका क्रियाकलापों के संवर्धन हेतु निर्धारित है।
2. आजीविका कार्य योजना स्वयं सहायता समूहों तथा इनके संघ (Federation) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।
3. उद्यमशील व्यक्तियों को भी आजीविका के अंश के अन्तर्गत मात्राकृत 9 प्रतिशत धनराशि के अधिकतम 10 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता दी जा सकती है।
4. आजीविका फण्ड का कम से कम 70 प्रतिशत, स्वंय सहायता समूहों/संघों तथा उद्यमशील व्यक्तियों की सहायता हेतु रिवालविंग फण्ड और अधिकतम 30 प्रतिशत उद्यमशील स्वंय सहायता समूहों/स्वंय सहायता समूह संघों को वृहद् आजीविका क्रियाकलापों हेतु अनुदान/सहायता के रूप में उपयोग किया जाएगा।

6.8 स्वंय सहायता समूहों के लिये प्रारंभिक धन (Seed money)

- आजीविका क्रिया कलापों के वाटरशेड कमेटी की बैठक में अनुमोदनोपरांत 25000.00 रू0 तक की प्रारंभिक धनराशि (सीडमनी) की आरंभिक (Initial) धनराशि एक स्वंय सहायता समूहको परिक्रमी निधि (Revolving Fund) के रूप में दी जाएगी।
- स्वंय सहायता समूहको प्रारंभिक धन (सीडमनी) अधिकतम 18 माह में मासिक किस्तों में वापस करना होगा। वापस प्राप्त धनराशि उसी तथा दूसरे स्वयं सहायता समूह में पुनर्निवेशित की जा सकती है। धनराशि का भुगतान, समूह के संयुक्त खाते में चेक द्वारा किया जायेगा।
- किस्तों का निर्धारण इस प्रकार किया जाना चाहिए कि जब तक आजीविका कार्यकलाप से कोई लाभ न प्राप्त होने लगे तब तक की अवधि (Gestation period) में वसूली हेतु किस्ते न निर्धारित की जाय।
- इस अवधि के बाद मासिक किस्ते इस प्रकार निर्धारित की जाय कि प्रारम्भिक धन प्रदान करने से 18 महीने के अन्दर किस्तों की पूर्ण वसूली हो जाय।
- स्वंय सहायता समूह इस मात्राकृत धनराशि का उपयोग संयुक्त क्रिया कलाप अथवा संबंधित सदस्य को आय वृद्धि के क्रिया कलाप के विपरीत व्यक्तिगत ऋण के रूप में भी प्रदान कर सकता है। जिसमें व्यक्ति विशेष वित्त एंव कार्य प्रदर्शन के लिए मुख्य स्वंय सहायता समूह के प्रति उत्तरदायी होगा।

6.9 उद्यमशील व्यक्तियों के लिये प्रारंभिक धन (सीडमनी)

- उद्यमशील व्यक्तियों को वित्तीय सहायता उनके लाभकारी आजीविका प्रस्ताव के वाटरशेड कमेटी की संस्तुति एवं डब्लू0सी0डी0सी0 के अनुमोदनोपरांत व्यक्ति विशेष/व्यक्तियों को परिक्रमी निधि (Revolving Fund) के रूप में प्रारंभिक धन (सीडमनी) योग्यता/गुणदोष के आधार पर प्रदान की जाएगी।
- वाटरशेड कमेटी द्वारा उद्यमशील व्यक्तियों को, डब्लू0सी0डी0सी0 के अनुमोदन के पश्चात् वित्तीय सहायता का भुगतान "एकाउन्ट पेयी" चेक द्वारा किया जाएगा।
- ऐसे व्यक्ति प्रारंभिक धन (सीडमनी) को अधिकतम 18 माह में मासिक किस्तों में वापस करेंगें जिसे दोबारा पुनर्निवेशित किया जा सकता है। किस्तों की वापसी की धनराशि उपरोक्त प्रक्रियानुसार संबंधित समूह अलग से भी तय कर सकता है।

6.10 बृहद आजीविका क्रियाकलापों हेतु वित्तीय सहायता

1. बृहद आजीविका क्रिया कलापों हेतु वित्तीय सहायता, उद्यमशील स्वंय सहायता समूह / स्वंय सहायता समूह संघ (कम से कम 5 स्वंय सहायता समूह) को डब्लू0सी0 द्वारा संस्तुत बृहद क्रिया कलापों अथवा उनके विस्तार/उच्चीकरण हेतु कम्पोजिट लोन (Composite Loan) के रूप में उपलब्ध हो सकेगी।
2. ऐसे क्रिया कलापों के लिए कम्पोजिट लोन (अनुदान एवं बैक ऋण) क्रियाकलापों की किस्म/प्रकार के आधार पर तय किया जा सकता है। अनुदान धनराशि क्रिया कलाप की लागत के 50 प्रतिशत या रू0 2.00 लाख जो भी कम हो, देय होगी।

3. अनुदान की कुल धनराशि आजीविका अंश (कुल परियोजना लागत का 9 प्रतिशत) के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

6.11 लाभार्थियों का क्षमता निर्माण

- आजीविका संबंधी प्रशिक्षण हेतु व्यय, परियोजना लागत के 5 प्रतिशत अंश, जो कि संस्थागत तथा क्षमता निर्माण हेतु मात्राकृत है, से किये जाने का प्राविधान है।
- स्वंय सहायता समूह द्वारा वांछित प्रशिक्षण की आवश्यकता के अतिरिक्त निम्न विषयों पर कौशल/हुनर आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना अनिवार्य होगा।
- अभिलेखों का रख रखाव (बुक कीपिंग), कैष बुक एवं लेजर रजिस्टर, बजट तैयार करना तथा लेखों का रखरखाव आदि।
- बैठक की कार्यवाही तथा उसका अनुसरण/परिपालन।
- पशुपालन, कृषि/औद्यानिकी, कृषि वानिकी, मत्स्य पालन एवं वाटरशेड संबंधी आय वृद्धि परक क्रिया कलापों, सूक्ष्म उद्यमों (माइक्रो एन्टरप्राइजेज), सूक्ष्म ऋण आदि विशिष्ट क्षेत्रों के अन्तर्गत दृश्य दर्शन एवं विचार विमर्श।
- बाजार तथा बाजार भावों/मूल्य निर्धारण (Pricing) की जानकारी, मूल्य संवर्धन (Value addition), कृषि उत्पाद पर आधारित उद्योगों, को शामिल करते हुए अन्य वैकल्पिक संस्थाओं की जानकारी।

6.12 आजीविकोपार्जन मद में आवंटित धनराशि का विवरण

कम सं0	विवरण	मात्राकृत धनराशि
1	स्वयं सहायता समूहों/संघो को सीड मनी की धनराशि	48.219
2	उद्यमशील व्यक्तियों को सीड मनी की धनराशि	6.220
3	उद्यमशील स्वयं सहायता समूहों/संघो (कम से कम 5 उद्यमशील स्वयं सहायता समूह) को वृहद् आजीविकोपार्जन योजना पर ग्रांट/सहायता धनराशि	6.257
योग		**60.696**

6.13 लाइवलीहुड एक्सन प्लान (लैप)

आजीविकोपार्जन हेतु मात्रांकित धनराशि रु0 60.696 लाख का माइक्रोवाटरशेडवार/वर्षवार विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया गया है।

लाइवलीहुड एक्सन प्लान (लैप)

वर्षवार एवं माइकोवाटरशेडवार आजीविका गतिविधियों का एक्सन प्लान									
क्रम सं0	माइकोवाटरशेड कोड	माइकोवाटरशेड नाम	क्षेत्रफल	प्रस्तावित धनराशि लाख में	आजीविका गतिविधियों में परियोजना लागत का 9%				
					2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	योग
1	2B2A1a2d	टिका सेमरिया	1277.00	13.792	1.532	3.831	3.831	4.597	13.792
2	2B2A1a2c	सूर्या भानपुर	490.00	5.292	0.588	1.470	1.470	1.764	5.292
3	2B2A1a2bb	सोनबरसा	1217.00	13.144	1.460	3.651	3.651	4.381	13.144
4	2B2A1a1c	सोनबरसा	1785.00	19.278	2.142	5.355	5.355	6.426	19.278
5	2B2A1a2a	रामपुर कोधारा	560.00	6.048	0.672	1.680	1.680	2.016	6.048
6	2B2A1a1b	भोजपुर	291.00	3.143	0.349	0.873	0.873	1.048	3.143
योग	--------		**5620.00**	**60.696**	**6.744**	**16.860**	**16.860**	**20.232**	**60.696**

6.14 आजीविका क्रियाकलाप तथा सीडमनी का वितरण

उपर्युक्त आजीविका क्रियाकलापों के आधार पर चयनित स्वयं सहायता समूहों तथा उद्यमशील व्यक्तियों को दिये जाने वाले सीड मनी का विवरण निम्नलिखित सारणी में दिया गया है–

भूमिहीन/सम्पत्तिहीन/एससी–एसटी/महिला स्वयं सहायता समूहों/व्यक्तियों के प्रस्तावित आजीविका क्रियकलापों का विस्तृत व्यय अनुमान

क्रम सं0	प्रस्तावित गतिविधि का नाम	एसएचजी/एसएसजी फेडरेशन का नाम तथा श्रेणी	गतिविधियों की संख्या इकाई	गतिविधियों की लागत प्रति इकाई	गतिविधियों की कुल लागत	रिवाल्विंग फण्ड के लिये आवश्यक सीड मनी	ग्रान्ट इन एड	अपेक्षित आय/परिणाम प्रति इकाई
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	**प्रक्षेत्र आधारित कियाकलाप**							
	बकरी पालन (8 बकरी की 1 यूनिट)	एसएचजी	65	0.250	16.250	16.250	-	5000/माह
	बकरी पालन (2 बकरी की 1 यूनिट)	व्यक्तिगत	18	0.060	1.080	1.080		
	पोल्ट्री (500 चिक्स)	एसएचजी	10	0.250	2.500	2.500	-	5000/माह
	बैकयार्ड पोल्ट्री (50 चिक्स)	व्यक्तिगत	18	0.030	0.540	0.540		
	सुअर पालन	एसएचजी	10	0.250	2.500	2.500		5000/माह
	मछली पालन	एसएचजी	10	0.250	2.500	2.500	-	10000/वार्षिक
	भैंस की पड़िया पालन	व्यक्तिगत	16	0.100	1.600	1.600		
2	**गैर प्रक्षेत्र क्रियाकलाप**							
	दोना पत्तल कार्य	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	2500/माह
	गुड़ बनाना	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	2500/माह
	आचार–मुरब्बा, जैम, जेली बनाना	एसएचजी	10	0.250	2.500	2.500	-	2500/माह
	सिंलाई कढ़ाई	एसएचजी	25	0.250	6.250	6.250	-	2500/माह
	मोमबत्ती बनाना	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	2500/माह
	रस्सी बनाना	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	2500/माह
	मिठाई डब्बा बनाना	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	2500/माह
	बढ़ईगिरी	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	5000/माह
	टेण्ट हाउस	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250		5000/माह

क्रम सं0	प्रस्तावित गतिविधि का नाम	एसएचजी/एसएसजी फेडरेशन का नाम तथा श्रेणी	गतिविधियों की संख्या इकाई	गतिविधियों की लागत प्रति इकाई	गतिविधियों की कुल लागत	रिवाल्विंग फण्ड के लिये आवश्यक सीड मनी	ग्रान्ट इन एड	अपेक्षित आय/परिणाम प्रति इकाई
1	2	3	4	5	6	7	8	9
	बिजली मिस्त्री कार्य	व्यक्तिगत	5	0.100	0.500	0.500	-	5000/माह
	मोबाइल रिपेयरिंग	व्यक्तिगत	5	0.100	0.500	0.500	-	5000/माह
	आयल एक्सपेलर	एसएचजी	10	0.250	2.500	2.500	-	4000/माह
	पेन्टिग कार्य	एसएचजी	5	0.250	1.250	1.250	-	5000/माह
	मैकैनिक दो पहिया	व्यक्तिगत	5	0.100	0.500	0.500	-	5000/माह
	मैकैनिक चार पहिया	व्यक्तिगत	5	0.100	0.500	0.500	-	5000/माह
	चाय की दुकान	व्यक्तिगत	5	0.100	0.500	0.500	-	3000/माह
	साइकिल की दुकान	व्यक्तिगत	5	0.100	0.500	0.500		
	लिफाफा बनाना	एसएचजी	7	0.100	0.700	0.700	-	2500/माह
	वर्मी कम्पोसट,	एसएचजी	6	0.250	1.500	1.500		
	डीजल इंजन रिपेयर कार्य	एसएचजी	4	0.250	1.000	1.000	-	5000/माह
	कुल योग				**54.420**	**54.420**		

6.15: Lo;a lgk;rk l?kksa d iLrkfor o"gn vkthfodk fØ;kdykiksa dk foLrr ;kstuk ¼xkUV bu ,M& ifj;kstuk ykxr dk 50%] vf/kdre 2 yk[k½ &

वृहत आजीविका क्रियाकलापों के अन्तर्गत उन क्रियाकलापों के चयन को प्राथमिकता दिया जायेगा जो पहले से चल रही हैं और सफल पायी गयी हैं जिनकी क्षमता विस्तार/उच्चीकरण करने की आवश्यकता होगी। ऐसी क्रियाकलापों की बैंकेबुल प्रोजेक्ट रिपोर्ट का परीक्षण कर वाटरशेड कमेटी द्वारा संस्तुति करने पर डब्लू0सी0डी0सी0 द्वारा लाइन डिपार्टमेन्ट तथा सम्बन्धित बैंक से विचार विमर्श के पश्चात अनुमोदित की जायेगी। परियोजना की कुल लागत में ग्रांट इन ऐड तथा बैंक लोन का विवरण दर्शाया जायेगा। ग्रांट इन ऐड की धनराशि परियोजना लागत का 50 प्रतिशत परन्तु अधिकतम् 2 लाख रु0 से अधिक नहीं होगी। इस मद में ग्रांट इन ऐड के अन्तर्गत आजीविका क्रियाकलापों हेतु नियत अधिकतम् 30 प्रतिशत धनराशि के लिये योजनायें बनायी जा सकती हैं परन्तु परियोजना क्षेत्र की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये कुल रु0 20.438 लाख की 5 योजनायें तैयार की गई हैं जिस पर परियोजना मद से ग्रांट इन ऐड के अन्तर्गत रु0 6.270 लाख धनराशि देय होगी।

dze lå	iLrkfor fd;kdykiksa dk fooj.k	Lo;a lgk;rk legksa dk l?k	fØ;kdykiksa dh l[;k bdkbZ	fØ;kdykiksa dh ykxr ifr bdkbZ	fØ;kdykiksa dh dy ykxr	ykHkkFkhZ v'k@ekftu euh @20%	vko';d dEikflV yku (yku$xkUV) 80%	ifj;kstuk 0;;@ xkUV bu ,M bdkbZ ykxr dk 50% vf/k0 2 yk[k	vif{kr vk;@ifj.kke
1	वर्मी कम्पोस्ट (100 मी0टन प्रति वर्ष)	1 संघ	1	11.83	11.83	2.366	9.464	1.970	156000/unit
2	वयस्क बकरी पालन (10 वयस्क बकरी + 1 प्रौढ़ नर)	1 संघ	2	1.652	3.304	0.661	2.643	1.650	48800/unit
3	आयल एक्सपेलर यूनिट	1 संघ	1	2.572	2.572	0.514	2.058	1.277	171600/unit
4	छोटी पोल्ट्री यूनिट (1000 ब्रायलर)	1 संघ	1	2.732	2.732	0.546	2.186	1.360	90000/unit
	;kX		**5**		**20.438**	**4.087**	**16.351**	**6.257**	

1&oeh dEikLV ;fuV

कार्मशियल खाद्य उत्पादन के लिये 2000–2500 वर्ग मी0 (0.5 से 0.6 एकड़) भूमि की आवश्यकता होगी जिसके मद में वर्मी से तथा अन्य जगहों पर पम्पसेट एवं उपकरण रखने का स्थान तथा भण्डारण जमीन को दस से 15 वर्षो के लिये लीज अथवा किराये पर लिया जाना उचित होगा।

Vermi-Composting (200 TPA)

Capital Cost

Sr	Particulars of item	Amt (Rs)	
		Year 1	Year 2 onwards
A.	Land and Building		
1.	Land (On lease)	----	----
2.	Levelling and earth filling for vermicompost sheds	7500	----
3.	Fencing and gate	25000	----
4.	Open Shed with brick lined bed bottom & platform with RCC / MS pipe post & truss and thatch /HDPE / locally available roof (@ 1000/m^2) for :		
a.	Vermicompost beds (15 m*1.5 m*24 nos = 540 m^2 + 20 m^2 pathways/utility = 560 m^2)	560000	
b.	For finished products 30 m^2	30000	----
5.	Godown / Store cum office 50 m^2 @ 5000/-per m^2	250000	----
	Sub total	**872500**	**----**
B.	Implements and machinery		----
1	Shovels, spades, crowbars, iron baskets, dung fork, buckets, bamboo baskets, trowel,	5000	----
2	Plumbing and fitting tools	1500	----
3	Power operated shredder	25000	----
4	Sieving machine with 3 wire mesh sieves- 0.6 m x 0.9 m size - power operated with motor	45000	----
5	Weighing scale (100 kg capacity)	2500	----
6	Weighing machine (platform type)	6000	----
7	Bag sealing machine	5000	----

8	Culture trays (plastic) (35 cm x 45 cm) - 4 Nos	1600	----
9	Wheel barrows - 2 Nos.	12000	----
	Sub total	**103600**	**----**
C.	Water provision – Borewell with hand pump, pipe, dripper	75000	----
D.	Electrical installation	10000	----
E.	Furniture & fixtures	25000	----
F.	Earthworms (@1 Kg per m^3 and @`300/Kg, total utilized bed volume = 324 m^3)	97200	----
	TOTAL CAPITAL COST	**1183300**	

Total operational cost for one year with 7 cycles of 65-75 days

Bed volume 324 m^3 Recovery : 30 %

Operational Cost

Sr	Particulars of item	Amt (Rs)	
		Year 1	Year 2 onwards
1.	Agricultural wastes (cost, collection and transportation) @ 320 kg per m^3 and Rs.200/MT (15*1.5*0.6*24*5*320*200/1000) [at 50% in 1st year]	51840	103680
2.	Cow dung (cost, collection and transportation) @ 80 kg/m3 and Rs.250/MT (15*1.5*0.6*24*5*80*250/1000) [at 50% in 1st year]	16200	32400
3.	Salary wages for 2 permanent skilled labourers @ Rs.6000/month	12000	12000
4.	Labour wages on day to day basis in formation of vermibed with agro-waste, cow dung and worms, watering, stirring, harvesting, sieving, packing, etc., including cost of bags (250 mds[@Rs.200/md) [at 50% in 1st year]	25000	50000
5.	Electrical charges for pump, machinery, lighting etc. [at 50% in 1st year]	12000	24000
6.	Repair and maintenance [at 50% in 1st year]	30000	60000

7.	Cost of bags and marketing cost [at 50% in 1st year]	15000	30000
	Sub Total	**156040**	**312080**
8.	Lease rent, Miscellaneous etc.	30000	30000
	Total Operational Cost	**186040**	**342080**

Costs and Benefits

Sr	Cost	Amt (Rs)	
		Year 1	Year 2 onwards
1.	Total Capital cost	1183300	---
2.	Total Operational cost	186040	342080
3.	Total cost	1369340	342080
4.	Benefit		
4a.	Sale of vermicompost (200 MT @ 30% conversion) [@ Rs.4500/MT at 60% in 1st year and 90% in 2nd year onwards]	405000	810000
4b.	Sale of worms [@ 5 Kg/MT of compost and @ Rs.200/Kg.]	90000	180000
4c.	Total benefit	495000	990000
5.	Net benefit	(874340)	647920

Financial Analysis

Sr	Cost	Amt (Rs)	
		Year 1	Year 2 onwards
1.	Total Capital cost	1183300	---
2.	Total Operational cost	186040	342080
3.	Total cost	1369340	342080
4.	Benefit		
4a.	Vermicompost	405000	810000
4b.	Sale of worms	90000	180000
4c.	Total benefit	495000	990000

5.	Net benefit	(874340)	647920
6.	Discounting rate – 15%		
7.	PVC –Rs. 2893538		
8.	PVB – Rs. 3655654		
9.	NPV – Rs. 762116		
10.	BCR – Rs 1.226		
11.	IRR – 34%		

Repayment Schedule

TFO (Rs.) = 1338132 (Say Rs.13.50 lakh)

(Capital cost + Operational cost for two cycles + lease rent for 1st year) Bank Loan (Rs) = 1012500 337500

Rate of Interest = 13%

Year	Loan O/s	Net Income*	Principal	Interest	Total outgo	Net surplus
1	1012500	456584	75000	131625	206625	249959
2	937500	647920	160000	121875	281875	366045
3	777500	647920	180000	101075	281075	366845
4	597500	647920	200000	77675	277675	370245
5	397500	647920	220000	51675	271675	376245
6	177500	647920	177500	23075	200575	447345

2–वयस्क बकरी पालन (10 वयस्क बकरी + 1 प्रौढ़ नर)

शेड की लागतः स्थानीय उपलब्ध सामग्री से बनेगा

क्रम सं0	विवरण	धनराशि रु0
1	छप्पर/खैपरैल शेड (साइज: 15 X 300 फीट) जिसमें एक नर बकरे के लिये अलग कमरा होगा	
	1 खैपरैल/बांस	4000.00
	2 छप्पर/पुवाल इत्यादि	1000.00
	3 रस्सी/पटेरा	500.00
	4 चारो ओर कच्ची/खण्डे की दीवार	3000.00
	5 अन्य व्यय	1500.00
	योग	**10000.00**

निवेशों की लागत

क्रम सं0	विवरण	धनराशि रु0
1	प्रौढ़ मादा सं0- 10@ 3000/	30000.00
2.	प्रौढ़ नर @ 4000 /	4000.00
	योग	**34000.00**

आवर्ती लागत

क्रम सं0	विवरण	धनराशि
1	मजदूर–बकरी को चराने के लिये (मानव दिवस प्रति वर्ष प्रतिदिन @ रु0 150 /	54000.00
2	आहार की लागत (@ रु0 5000 / माह एक वर्ष के लिये –)	60000.00
	जौ व गेहूँ छोटा दाना	
	अरहर छोटा दाना	
	हरा चारा (सुबबूल, लोबिया, घास आदि)	

	गेहूँ का भूसा	
3	दवा तथा हेल्थ केयर (एमएमडी, डिवार्मिंग तथा वैक्सीन) तथा प्रशिक्षध्ण वार्षिक आधार पर	8000.00
4	बीमा व्यय वार्षिक	1200.00
	योग	**133200.00**
	कुल योग (1 ,2 व 3)	**165200.00**

आउटपुट/बकरी पालन से प्राप्तियां

क्रम सं0	**विवरण**	**धनराशि रु0**
	अ–दुग्ध उत्पादन	
1	10 बकरियों से दुग्ध उत्पादन (5 माह @ 1 ली0 प्रतिदिन प्रति बकरी = 1500 ली0, विक्रय मूल्य @ रु0 20/ ली0	30000.00
2	दुग्ध उत्पादन (4 माह½= 1200 ली0 @ रु0 20/ ली0	24000.00
	योग	**54000.00**
	ब– बकरी के बच्चों का विक्रय (6 माह से 1 वर्ष के बच्चे)	
3	प्रथम उत्पादन (प्रारम्भ से 6 माह बाद) औसत 2 बच्चे (नर, मादा 50–50 प्रतिशत) 10 नर @ रु0 2000 / बच्चा 10 मादा अगले उत्पादन के लिये रखा गया जिसकी कीमत	 20000.00 30000.00
4.	द्वितीय उत्पादन (औसत 2 बच्चा/बकरी) 10 पिछला उत्पादन–20 बच्चे (नर मादा अनुपात 50:50) अ– 10 नर @ रु0 1800 / बच्चा ब– 10 मादा बच्चा रु0 2300 / बच्चा	 18000.00 23000.00
	योग	**91000.00**
	स–बकरी का गोबर (लेड़ी)	
5.	एक साल बाद 50 कु0 (यदि चरने के लिये नहीं छोड़ते हैं) वर्मी कम्पोस्ट/नडेप कम्पोस्ट के लिये बेचेगा	**25000.00**
	द–पैरेन्ट स्टाक	

6.	11 पैरेन्ट– एक यून्टि @ रु0 4000 / बकरी	**44000.00**
	योग	**214000.00**

बकरी पालन से शुद्ध आय–214000 – 165200 = 48,800.00

बकरी पालन से सम्बन्धित सूचनायें निम्नलिखित से प्राप्त की जा सकती हैं।

(1) **केन्द्रीय बकरी अनुसांधन संस्थान,**
फराह, मकदूम, मथुरा, उ0प्र0

(2) **स्थानीय बाजार जहां से बकरियां प्राप्त की जा सकती हैः**

1. कोसी, मथुरा
2. पुखरायां, कानपुर देहात

3–आयल एक्सपेलर यूनिट

1 भूमि की आवश्यकता; 1250 वर्ग फीट, किराया रु0 1500.00 प्रतिमाह

2 क्षमता: 300 कार्य दिवस
50 कि0 सरसो/घंटा
40 % जाब वर्क

3. मशीनरी की आवश्यकता

क्रम सं0	विवरण	संख्या	दर	धनराशि रु0
1.	आयल एक्पेलर (6 वोल्ट औसत 50कि0 प्रति घंटा)	01	48000	48000.00
2.	फिल्टर प्रेस	01	15000.00	15000.00
3.	साफ्ट, पट्टा इत्यादि	-	7500.00	7500.00
4.	विद्युत आदि	-	15000.00	15000.00
	योग			**85500.00**

कार्यशील पूंजी प्रतिमाह

4. कच्चा माल

क्रम सं0	मद	मात्रा	दर	धनराशि रु0
1	सरसों	6000 कि0	25 / कि0	150000.00
	योग			**150000.00**

5. कार्यकर्ता / मजदूर

1 कुशल श्रमिक 01 @ रु0 6000 / माह	6000.00
2 सहायक 01 @ रु0 4500 / माह	4500.00
योग	**10500.00**

6. उपभोग व्यय प्रतिमाह

1 विद्युत व्यय	3500.00
2 पानी इत्यादि	1000.00
योग	**4500.00**

7. अन्य व्यय प्रतिमाह

1 किराया	1500.00
2 पोस्टेज / लेखन सामग्री पर व्यय	500.00
3 यात्रा व्यय / परिवहन	2000.00
4 बीमा	500.00
5 प्रशासनिक व्यय	1200.00
योग	**5700.00**

8. पूंजी की आवश्यकता प्रतिमाह

1. कच्चा माल	150000.00
2. कार्यकर्ता एवं मजदूर	10500.00
3. उपभोग व्यय	4500.00
4. अन्य व्यय	5700.00

योग	**171700.00**
प्रोजेक्ट की कुल लागत	
अ–मशीनरी एवं टूल्स	85500.00
ब–पूंजी (आवर्ती)	171700.00
योग	**257200.00**

आय

1. तेल 1575 कि0 @ रु0 70/कि0	147000.00
2. खली 2925 कि0 @ रु0 10/कि0	39000.00
योग	**186000.00**

वार्षिक आय रु0 **171600.00**

4– छोटी पोल्ट्री यूनिट

अ पूंजीगत व्यय

1. ब्वायलर शेड–ट्यूबलर स्ट्रकचर			
अनुमानतः 1000 वर्गफीट @ रु0 150 / वर्गफीट =			1,50,000.00
2. बर्तन			
अ प्रौढ़ फीडर	25 सं0	@ रु0 250 / सं0	6250.00
ब चिकफीडर	25 सं0	@ रु0 100 / सं0	2500.00
3. ब्रुडर आटोमेटिक		03 सं0 @ रु0 2500 / सं0	7500.00
4. इलेक्ट्रिक फिटिंग			7500.00
		योग	**23750.00**

ब कार्यशील पूंजी

1. 1000 एक दिन पुराना चिक्स @ 20 / चिक		20000.00		
2. संतुलित ब्यायलर फीड 45 दिनों के लिये @ 2.5 कि0/ चिक रु0 22.00 / कि0		55000.00		
3. धान की भूसी		3000.00		
4. दवाइयां		2000.00		
5. यातायात		1000.00		
6. कार्यकर्ता एवं मजदूर		13500.00		
7. अन्य		5000.00		
योग		**99500.00**		

कुल इकाई लागत

1. पूजीं पर व्यय	–	173750.00		
2. कार्यशील पूंजी	-	99500.00		
योग		**273250.00**		

आय

3. ब्रायलर–1000, वजन 1.5 कि0 @ रु0 110/बर्ड		110000.00		
4. पोल्ट्री खाद		2000.00		
5. खाली फीड के बोरे		2500.00		
योग		**114500.00**		
लाभ प्रति रोटेशन		**(-)99500.00**	**=**	**15000.00**
कुल 6 रोटेशन से आय रु0		**6x15000.00**	**=**	**90000.00**

अध्याय–7

उत्पादन प्रणाली एवं सूक्ष्म उद्यम

7.1 परिचय

उत्पादनप्रणाली व सूक्ष्म उद्यम आधारित क्रिया कलाप, वाटरषेड विकास परियोजनाओं के सामान मार्गदर्शी सिद्धान्त 2008/2011 में शामिल घटकों में से एकमहत्वपूर्ण घटक है। इसके अन्तर्गत कुल परियोजना लागत का दस (10) प्रतिशत, भूमि धारक/भूस्वामी परिवारों के उत्पादन प्रणाली और सूक्ष्म उद्यमों (Micro-Enterprises) के लिए निर्धारित किया गया है। इस घटक का उद्देष्य कृषि प्रणाली का विविधीकरण, उत्पादन एवं उत्पादकता को अधिकतम करना तथा भू–स्वामियों को लक्षित करते हुए भूमिहीन कृषि श्रमिकों पट्टेदार कृषकों, व बटाई दारों (Share croppers) को भी व्यापक रूप से लाभान्वित करना है।

7.2 उत्पादन प्रणाली के उद्देश्य

इसके उद्देश्य निम्नवत् है।

(क) विविधीकृत उत्पादन/कृषि प्रणाली आधारित आजीविका क्रिया कलापोंव उपयों को प्रोत्साहित करना।

